# 28 जुलाई से CBSE की कंपार्टमेंट परीक्षा

**NEW DELHI (22 July):**CBSE ने 28 जुलाई से शुरू होने वाली कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं. रेगुलर छात्र अपना एडमिट कार्ड संबंधित स्कूल से प्राप्त कर सकते हैं, जबकि प्राइवेट छात्र बोर्ड की वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं. छात्रों को परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड के साथ वैध पहचान पत्र ले जाना होगा. बोर्ड ने परीक्षा के दिन निर्धारित समय से पहले केंद्र पहुंचने और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने और एडमिट कार्ड संभालकर रखने की सलाह दी है.

## परीक्षा से पहले जांच लें ये बातें

बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि परीक्षा केंद्र जाने से पहले एडमिट कार्ड पर जरूरी हस्ताक्षर और स्कूल की मुहर जरूर लगवा लें. साथ ही नाम, रोल नंबर, परीक्षा केंद्र, विषय, परीक्षा की तारीख और रिपोर्टिंग टाइम जैसी सभी जानकारियां ध्यान से जांच लें. कोई भी गलती मिलने पर तुरंत स्कूल या बोर्ड से संपर्क करें. रेगुलर छात्रों के एडमिट कार्ड स्कूलों के परीक्षा संगम पोर्टल पर मौजूद हैं. स्कूल इन्हें डाउनलोड कर बाद छात्रों को देंगे.